मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

# PGDT–001

## अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा

## (पी. जी. डी. टी.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2025

## पी.जी.डी.टी.–001 : अनुवाद : सिद्धान्त और प्रविधि

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

1. मशीनी अनुवाद से आप क्या समझते हैं ? मशीनी अनुवाद की प्रमुख प्रविधियों की चर्चा कीजिए। 20

**अथवा**

'भारतीय अनुवाद परम्परा' पर प्रकाश डालिए।

2. अनुवाद के विभिन्न प्रकारों की चर्चा कीजिए। 20

**अथवा**

लोकोक्तियों और मुहावरों के अनुवाद की समस्याओं की चर्चा कीजिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

2×10=20

(क) भावानुवाद

(ख) आशु अनुवाद

(ग) व्यतिरेकी विश्लेषण

(घ) अननुवाद्यता

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** अभिव्यक्तियों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5×2=10

(i) To stand amazed

(ii) To do Herculean task

(iii) Copy enclosed for ready reference

(iv) Case has been closed

(v) List is placed below

(vi) Approval may be accorded

(vii) Copy enclosed for your kind perusal

(viii) Delay should be avoided

5. निम्नलिखित शब्दों को कोश क्रम में लिखिए : 5×2=10

(i) Classic, Clarity, Closed, Claim, Citation, Circus, Closure, Causal, Casual, Caution.

(ii) उत्कर्ष, उत्कृष्ट, उत्थान, उत्सव, उत्पादन, उपवन, उन्मुख, उत्साह, उल्लंघन, उत्प्रेक्षा

6. निम्नलिखित गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 10

The unexamined life is unfit to be lived by human being. This is the virtue of liberty and the ground on which we may best justify our belief in it in order to serve the truth. When people meet each other and listen other's opinion they begin to live like civilized human being. This is the process of development of civil society.

*Or*

India's economy under British colonial rule remained fundamentally agrarian. About 85% of the population lived mostly in villages and derived livelihood directly or indirectly from agriculture. However, despite being the occupation of such a large population, the agriculture sector continued to experience stagnation and not infrequently rather much deterioration.

7. निम्नलिखित का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : 10

सरदार वल्लभ भाई पटेल साम्राज्यवाद के प्रखर विरोधी थे। उन्होंने 1920 और 1930 में गुजरात में सविनय अवज्ञा आन्दोलन को सुसंगठित रूप में चलाया। भारत छोड़ो आन्दोलन में भी उनकी प्रमुख भूमिका थी, किन्तु स्वतंत्रता के बाद राज्यों को संयोजित तथा संगठित करने और रणनीतिक कौशल से भारत के साथ जोड़ने में उनकी भूमिका ऐतिहासिक महत्व की है।

**अथवा**

शिक्षा विद्यार्थी की रुचि के अनुकूल होनी चाहिए। यदि उसकी रुचि कला में है, तो उसे कला की शिक्षा देनी चाहिए। यदि किसी में विज्ञान के प्रति आकर्षण है, तब उसे साहित्य से परिचित कराना तथा उसका अध्ययन कराना अनुचित होगा। इच्छा के विरुद्ध विषयों को पढ़ने के लिए बाध्य करना लाभदायक न होकर हानिकारक भी हो सकता है। शिक्षार्थियों को अपनी रुचि, ज्ञान तथा कौशल के अनुरूप विषयों का चयन करने की स्वतंत्रता देना शिक्षा प्रणाली का लक्ष्य होना चाहिए।

× × × × ×